छत्तीसगढ़ शासन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
(COVID-19)

# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 01 जून 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 59 हजार 989 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 3.1 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 01 जून को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 3.1 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 59 हजार 989 सैंपलों की जांच में से 1886 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## राज्य के सभी अस्पतालों में गैर कोविड स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए निर्देश

- प्रदेश में कोविड 19 के घटते संक्रमण को देखते हुए शासन ने निर्णय लिया है कि राज्य के सभी शासकीय और निजी चिकित्सालयों में गैर कोविड इमरजेंसी और सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं पुनः शुरू की जाएं। साथ ही निजी चिकित्सालयों में कोविड मरीजों के लिए पूर्व में आरक्षित किए गए 70 प्रतिशत बिस्तर को भी घटा कर 20 प्रतिशत करने के निर्देश जारी किए गए हैं। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

## प्रदेश में औसत रिकवरी दर 95 प्रतिशत हुई

- प्रदेश में पिछले सप्ताह (16 से 24 मई) की तुलना में रिकवरी दर 3 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले सप्ताह 92 प्रतिशत थी, 31 मई की स्थिति में यह 95 प्रतिशत हो गई है।
- 25 जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक रिकवरी दर दर्ज की गई है। सुकमा व राजनांदगांव में 98-98, दुर्ग, रायपुर व बिलासपुर में 97-97, कबीरधाम, कांकेर, बालोद, कोरबा, दंतेवाड़ा व बेमेतरा में 96-96 प्रतिशत रिकवरी दर दर्ज की गई।

## छत्तीसगढ़ में 59.20 लाख लोगों को लग चुका कोविड टीके का पहला डोज

- छत्तीसगढ़ में 20.20 प्रतिशत लोगों को कोविड टीकाकरण का प्रथम डोज दिया जा चुका है। आबादी के हिसाब से देखें तो सभी आयु वर्गो को मिला कर अब तक 59.20 लोगों को प्रथम डोज का टीका लगाया गया है। देश के कई बड़े राज्यों का टीकाकरण प्रतिशत छत्तीसगढ़ राज्य से काफी पीछे है। भारत सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में सर्वाधिक टीकाकरण कवरेज में शीर्ष स्थानों में केंद्र शासित प्रदेश एवं अन्य छोटे राज्य ही शामिल हैं।
- कम से कम एक डोज पाने वाली आबादी के प्रतिशत में सर्वाधिक टीकाकरण कवरेज में केंद्र शासित लेह-लद्दाख 41.30 प्रतिशत के साथ पहले, लक्षद्वीप 39.30 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। बड़े राज्यों में जहां उत्तरप्रदेश में 6.47 प्रतिशत, बिहार में 6.96 प्रतिशत, ओडिसा में 14 प्रतिशत, तेलंगाना में 12.76 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 14.53 प्रतिशत, गुजरात में 18.67 प्रतिशत, झारखंड में 9.11 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 11.16 प्रतिशत है, वहीं छत्तीसगढ़ 20.09 प्रतिशत के साथ कई बड़े राज्यों से आगे है।

## आज दिनांक 01 जून 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,89,684 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 1245 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 84, बीपीएल के 505, एपीएल के 622 फ्रंटलाइन वर्कर के 34 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

## कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 1886 |
| | | कुल | 973349 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 851 |
| | | कुल* | 157853 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 3620 |
| | | कुल* | 769292 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 4471 |
| | | कुल | 927145 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 33127 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु<br>कुल – 29 | कोविड–19 | 13 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 16 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 59,989**

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

| छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 01-06-2021 | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 46 | 95559 | 6 | 13899 | 83 | 79038 | 92937 | 854 | 3 | 1768 |
| 2 | राजनांदगांव | 32 | 55581 | 14 | 12461 | 65 | 42089 | 54550 | 532 | | 499 |
| 3 | बालोद | 43 | 26639 | 18 | 8666 | 72 | 16914 | 25580 | 684 | 1 | 375 |
| 4 | बेमेतरा | 29 | 19620 | 14 | 3225 | 37 | 15562 | 18787 | 604 | | 229 |
| 5 | कबीरधाम | 18 | 22501 | 1 | 2272 | 54 | 19433 | 21705 | 531 | | 265 |
| 6 | रायपुर | 82 | 155979 | 227 | 29797 | 132 | 121971 | 151768 | 1110 | | 3101 |
| 7 | धमतरी | 70 | 26158 | 13 | 2523 | 98 | 22289 | 24812 | 826 | 1 | 520 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 103 | 41581 | 67 | 8425 | 167 | 31066 | 39491 | 1644 | | 446 |
| 9 | महासमुंद | 54 | 30541 | 9 | 3862 | 99 | 25081 | 28943 | 1253 | | 345 |
| 10 | गरियाबंद | 25 | 19173 | 1 | 3434 | 50 | 14885 | 18319 | 668 | 1 | 186 |
| 11 | बिलासपुर | 37 | 64654 | 64 | 7146 | 152 | 55711 | 62857 | 608 | 2 | 1189 |
| 12 | रायगढ़ | 177 | 60982 | 73 | 11953 | 241 | 45479 | 57432 | 2619 | 6 | 931 |
| 13 | कोरबा | 83 | 53456 | 33 | 4643 | 140 | 46681 | 51324 | 1584 | 3 | 548 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 125 | 55396 | 38 | 7673 | 261 | 44806 | 52479 | 2144 | 3 | 773 |
| 15 | मुंगेली | 39 | 23589 | 3 | 942 | 75 | 21283 | 22225 | 1203 | 1 | 161 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 21 | 11711 | 9 | 732 | 68 | 9956 | 10688 | 882 | | 141 |
| 17 | सरगुजा | 126 | 32324 | 25 | 3720 | 316 | 25881 | 29601 | 2490 | | 233 |
| 18 | कोरिया | 77 | 25686 | 27 | 1591 | 325 | 21586 | 23177 | 2346 | 2 | 163 |
| 19 | सूरजपुर | 126 | 27869 | 6 | 1939 | 337 | 23039 | 24978 | 2679 | 2 | 212 |
| 20 | बलरामपुर | 98 | 19323 | 2 | 1420 | 338 | 15752 | 17172 | 2039 | | 112 |
| 21 | जशपुर | 117 | 25173 | 33 | 4505 | 212 | 18591 | 23096 | 1887 | 1 | 190 |
| 22 | बस्तर | 106 | 18995 | 30 | 4308 | 74 | 13076 | 17384 | 1436 | 1 | 175 |
| 23 | कोंडागांव | 70 | 12219 | 7 | 1647 | 82 | 9806 | 11453 | 673 | | 93 |
| 24 | दंतेवाडा | 52 | 9717 | 69 | 4161 | 35 | 5196 | 9357 | 339 | 1 | 21 |
| 25 | सुकमा | 55 | 5977 | 27 | 3512 | 10 | 2352 | 5864 | 98 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 21 | 22722 | 32 | 3321 | 96 | 18575 | 21896 | 619 | | 207 |
| 27 | नारायणपुर | 17 | 3494 | 0 | 2622 | 0 | 659 | 3281 | 203 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 36 | 6038 | 3 | 2908 | 1 | 2535 | 5443 | 555 | 1 | 40 |
| 0 | अन्य राज्य | 1 | 692 | 0 | 546 | 0 | 0 | 546 | 17 | | 129 |
| महायोग | | 1886 | 973349 | 851 | 157853 | 3620 | 769292 | 927145 | 33127 | 29 | 13077 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

